# राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन)

**जबकि**, 4 जुलाई, 2022 को लगभग सुबह 10:15 बजे, हाइलैंड पार्क, लेक काउंटी, इलिनॉय में छत पर छिपे एक गनमैन ने स्वतंत्रता दिवस परेड पर गोलियां चला दी, जिसमें छह लोग मारे गए एवं कम से कम 30 लोग घायल हुए और सैकड़ों लोगों को डर के कारण छुपने के लिए में भागना पड़ा; और,

**जबकि,** 100 से अधिक कानून प्रवर्तन अधिकारी गोलीबारी वाली जगह की ओर भागे, लोगों की सुरक्षा की एवं उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुँचने में मदद की, और तुरंत ही संदिग्ध शूटर की तलाश शुरू कर दी; और,

**जबकि**, हाइलैंड पार्क पुलिस विभाग, आसपास के समुदायों के पुलिस विभागों, इलिनॉय राज्य पुलिस और संघीय कानून प्रवर्तन के एक समन्वित प्रयास के बाद, पुलिस ने 4 जुलाई, 2022 की शाम को एक संदिग्ध को पकड़ लिया और बड़े पैमाने की इस गोलीबारी की जांच जारी है; और,

**जबकि**, सात हत्या पीड़ितों के परिवार इस क्षति से सदमे में हैं और दो दर्जन से अधिक व्यक्ति भयानक चोटों से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं; और,

**जबकि**, परेड में शामिल होने वाले कई लोग - जिनमें बच्चे, माता-पिता और दादा-दादी शामिल हैं - और हाईलैंड पार्क और आसपास के समुदायों में रहने वाले कई लोगों को इस अनैतिकता से आघात पहुंचा है जिसने संयुक्त राज्य अमेरिका के शांतिपूर्ण उत्सव को भंग कर दिया; और,

**जबकि**, अमेरिका में हाल ही में हुई इस बड़े पैमाने की गोलाबारी से स्थानीय दीर्घकालिक बहाली ट्रान्ज़िशन के लिए संयुक्त प्रतिक्रिया को चलाए रखने के प्रयास जारी हैं, और इस दुखद घटना से हुए आघात से उबरने की प्रक्रिया के लिए काफी समय और संसाधनों की जरूरत है; और,

**जबकि**, अमेरिकन रेड क्रॉस, इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमन सर्विसेज, और इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ पीड़ितों, उनके प्रियजनों और परेड में हिंसा से बचने के लिए भागे कई लोगों के साथ-साथ इस हिंसक घटना से प्रभावित अन्य लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य परामर्श और अन्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं; और,

**जबकि**, कई अन्य राज्य और स्थानीय सरकारी एजेंसियां, स्वयंसेवी संगठन और समुदाय-आधारित संगठन बहाली और उपचार प्रक्रियाओं में सहायता जारी रख रहे हैं; और,

**जबकि**, व्यवसाय रिकवरी केंद्र व्यवसायों या कर्मचारियों को वित्तीय नुकसान होने वसूली के साथ स्थानीय व्यवसायों की सहायता कर रहा है; तथा,

**जबकि**, पूर्वोक्त तथ्यों के आधार पर, लेक काउंटी में वर्तमान परिस्थितियाँ, जिसमें कई व्यक्तियों की जान की हानी और चोट शामिल है, एक सतत आपदा का गठन करती हैं जैसा कि इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम की धारा 4 में प्रदान किया गया है; और,

**जबकि**, इलिनॉय राज्य की यह नीति है कि राज्य किसी भी आपदा को संभालने के लिए तैयार रहेगा और, अतः राज्य के अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराना यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व उपयुक्त है कि इलिनॉय वासी सुरक्षित रहें; और,

**जबकि,** ये परिस्थितियाँ इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम के अनुभाग 7 के अंतर्गत आपदा की उद्घोषणा जारी करने का कानूनी औचित्य प्रदान करती हैं; और,

**जबकि,** इलिनॉय का संविधान, अनुच्छेद V, अनुभाग 8 में, यह प्रदान करता है कि "राज्यपाल के पास सर्वोच्च कार्यकारी शक्ति होगी, और वह कानूनों के न्यायसंगत निष्पादन के लिए जिम्मेदार होगा," और प्रस्तावना में कहता है कि, इलिनॉय के संविधान का केंद्रीय उद्देश्य है "लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए कार्य करना";

**अब**, **अतः**, इलिनॉय के लोगों और सार्वजनिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण हेतु उत्तरदायी स्थानीय सरकारों की सहायता के हित में, मैं, जे बी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), इलिनॉय का राज्यपाल (गवर्नर), एतद्द्वारा निम्नवत उद्घोषणा करता हूं:

**अनुभाग 1.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20 ILCS 3305/7 के अनुभाग 7 के उपबंधों के अनुसरण में, मैं यह पाता हूं कि इलिनॉय राज्य में एक आपदा अस्तित्व में है और मैं विशिष्ट रूप से इलिनॉय राज्य की लेक (Lake) काउंटी को आपदा क्षेत्र घोषित करता हूं। यह उद्घोषणा, इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (llinois Emergency Management Agency Act), 20 ILCS 3305/7 के अनुभाग 7 में प्रदत्त समस्त आपातकालीन शक्तियों, जिनमें नीचे वर्णित विशिष्ट आपातकालीन शक्तियां शामिल हैं पर उन्हीं तक सीमित नहीं हैं, के उपयोग के प्राधिकार की अनुमति देती है।

**अनुभाग 2.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण (Illinois Emergency Management Agency) को यह निर्देश दिया जाता है कि वह आपदा प्रतिक्रिया और बहाली कार्यक्रमों में स्थानीय सरकारों की सहायता हेतु राज्य के संसाधनों का समन्वयन करने के लिए राज्य आपातकालीन संचालन योजना (State Emergency Operations Plan) कार्यान्वित करे।

**अनुभाग 3.** प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक आपातकालीन खरीद, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (Illinois Emergency Management Agency Act) द्वारा अधिकृत अन्य आपातकालीन शक्तियों के संबंध में सहायता देने के लिए, इलिनॉय अधिप्राप्ति संहिता (प्रोक्योरमेंट कोड) के वे उपबंध, जो आपदा का सामना करने में आवश्यक कार्रवाई को किसी भी प्रकार से रोकते, बाधित करते, या विलंबित करते हों, उस सीमा तक स्थगित किए जाते हैं जिस सीमा तक कि वे संघीय कानून के लिए आवश्यक नहीं हैं। यदि आवश्यक हो तो, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (Illinois Emergency Management Agency Act), 20, ILCS 3305/7(1) के अनुभाग 7(1) के अनुसरण में, राज्यपाल (गवर्नर) अतिरिक्त संविधियों, आदेशों, नियमों, और विनियमों को स्थगित करने के लिए उपयुक्त सरकारी कार्रवाई कर सकता है।

**अनुभाग 4.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम, 20, ILCS 3305/7(3) के अनुभाग 7(3) के अनुसरण में, यह उद्घोषणा राज्यपाल (गवर्नर) के, आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रमों को निष्पादित या सुगमित करने के उद्देश्य से राज्य के विभागों और उनके अभिकरणों या इकाइयों के निर्देश, कार्मिकों या कार्यों को स्थानांतरित करने के प्राधिकार को, आवश्यकतानुसार, सक्रिय करती है।

**अनुभाग 5.** राज्य के सभी अभिकरणों (एजेंसियों) को यह निर्देश दिया जाता है कि वे मौजूदा आपदा का सामना करने और उससे उबरने की रणनीतियों एवं योजनाओं के विकास एवं कार्यान्वयन में राज्यपाल (गवर्नर), अन्य राज्य अभिकरणों और स्थानीय प्राधिकरणों का सहयोग करें।

**अनुभाग 6.** यह उद्घोषणा संघीय आपातकालीन और/या आपदा सहायता के अनुरोधों को स्वीकार करना सुगम बना सकती है, बशर्ते क्षति का पूर्ण व व्यापक आकलन यह इंगित करे कि प्रभावी बहाली राज्य और प्रभावित स्थानीय सरकारों की क्षमताओं से परे है।

**अनुभाग 7.** यह उद्घोषणा तत्काल प्रभावी होगी और 30 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

जिसे साक्षी मानकर, मैंने इस दस्तावेज़ पर मेरे हस्ताक्षर किए हैं और इलिनॉय राज्य की महान मोहर लगवाई है।

इस कार्य को हमारे परमेश्वर के दो हज़ार बाईसवें वर्ष, और इलिनॉय राज्य के दो सौ चारवें वर्ष में, तथा अगस्त के 3रे दिन, स्प्रिंगफ़ील्ड शहर में विधायिका व कार्यपालिका भवन (कैपिटल) में संपन्न किया गया।

राज्य के सचिव

गवर्नर